प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में सात–दिवसीय शिविर का समापन

पन्तनगर। 15 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजन इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 7 जनवरी से 14 जनवरी 2025 तक किया गया। उक्त शिविर में ग्रामीण महिलाओं को भारत की परम्परागत इम्ब्राइडरी, फसल उत्पादन, पशुपालन, डिजिटलीकरण, बुनाई कला, भारत के पारम्परिक व्यंजनो आदि के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डा. सोनू रानी, एन.एस.एस. अधिकारी, सामुदायिक विज्ञान इकाई डा. प्रतिभा एवं डा. रत्ना राय आदि उपस्थित रहीं। इस अवधि में एन.एस.एस. के स्वयं सेवियों ने विश्वविद्यालय परिसर में रैली निकालकर जनसमूह को जागरूक किया।

ग्रामीण महिलाओं के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार